# कार्यालय आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 12(136) आयो./आकाशि/कम्प्यू.इन्फ्रा/3602 दिनांकः 28 सितम्बर 2010

समस्त प्राचार्य
राजकीय /निजी महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय :– राष्ट्रीय शिक्षा मिशन द्वारा सूचना एवं सचार प्रौद्योगिकी (NME-ICT)
संदर्भ :– मानव संसाधन विकास मन्त्रालय का पत्र क्रमांक अशा टीप एफ16–3 /09 डी.एल. दिनांक 21.8.2010 तथा जी एम ( NOW/CFA ) O/O PGMTD, BSNL का पत्रांक DGM ( Mktg & Sales ) JP/BD-1608-1/10-11 दिनांक 20.9. 2010

महोदय

केन्द्र सरकार द्वारा शिक्षा का एक राष्ट्रीय मिशन–**नेशनल मिशन ऑन एजूकेशन थ्रू इन्फोर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी** प्रारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य राष्ट्र में शिक्षा के उन्नयन हेतु सूचना एवं संचार क्रान्ति का उपयोग करने का है। इस मिशन में महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों को इन्टरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना, शिक्षण में आई.सी.टी. का प्रयोग प्रोत्साहित करना तथा ई–कन्टेन्ट विकसित करना आदि उद्देश्य रखे गए है। मिशन के सम्बन्ध में अधिक जानकारी मिशन की वेबसाइट (http: // www. sakshat.ac.in) से प्राप्त की जा सकती है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में प्रथम कदम महाविद्यालयों में इन्टरनेट कनेक्टीविटी को सुनिश्चित करना है। इस संदर्भ में केन्द्र सरकार प्रवर्तित एक योजना प्रारम्भ की गई है जिसमें महाविद्यालयों को 10 लाइन तक के असीमित डाउनलोड के बी.एस.एन.एल. ब्राडबैन्ड कनेक्शन हेतु मात्र 25 प्रतिशत राशि वहन करनी होगी। आयुक्तालय द्वारा इस सम्बन्ध में राजकीय महाविद्यालयों को इस योजना का लाभ उठाने के सम्बन्ध में एक परिपत्र दिनांक 13 मई 2010 (क्र एफ12(136)आयो/आकाशि/10–11/3546–50)को जारी किया गया है जिसकी प्रति विभागीय वेबसाइट http://www.collegeeducation.rajasthan.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है। इस परिपत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि छात्रनिधि (बॉयस फंड ) के नियमों में सितम्बर 2004 में किये गये संशोधन (बिन्दु 4(3)(एच)(i) ) के क्रम में इन्टरनेट कनेक्टीविटी हेतु छात्रनिधि की राशि का उपयोग भी किया जा सकता है। **इन्टरनेट कनेक्टीविटी का लाभ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1958 के सैक्शन 12 बी के अन्तर्गत पंजीकृत सभी महाविद्यालय ले सकते हैं।** अन्य महाविद्यालय भी स्वयं को नवीन चुनौतियों के लिए तैयार रखने हेतु मिशन के उद्देश्य के अनुरूप आई.सी.टी. क्रान्ति का लाभ अपने शिक्षकों व विद्यार्थियों को देंगे ऐसी अपेक्षा है।

**मिशन की भावना के अनुरूप सभी महाविद्यालय कार्य करें तथा शिक्षण की प्रक्रिया में अधिकतम प्रभावी रूप से आई.सी.टी. के उपयोग को प्रोत्साहित करें।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय अजमेर इस क्रम में स्मार्ट क्लास रूप के उपयोग के क्रम में शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की मंशा रखता है तथा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर भी शीघ्र अपने परिसर में स्मार्ट क्लास रूम स्थापित करने जा रहा है। राजकीय व निजी महाविद्यालयों के ऐसे शिक्षक जो इस नवीन प्रोद्योगिकी में प्रशिक्षण प्राप्त करने को इच्छुक हों इन विश्वविद्यालयों को अपनी रूचि से अवगत करवा सकते हैं।

अपने महाविद्यालय के शिक्षकों को आई सी.टी.के प्रभावी उपयोग के लिए जागरूक करें तथा शिक्षण–अधिगम के उपयोग में आई सी.टी. के प्रयोग में आ रही बाधाओं को दूर करें। यदि आपके महाविद्यालय के शिक्षक ई–कन्टेट विकसित करने में समर्थ हो तथा वे स्वयं द्वारा निर्मित पाठ्य या दृश्य–श्रव्य समाग्री को ओपनसोर्स सामग्री के रूप में उपलब्ध करवाने को इच्छुक हों तो उनके सामग्री आपके महाविद्यालय की वेबसाईट/ सम्बद्धक विश्वविद्यालय/मिशन की वेबसाइट उपयोग में लें। मिशन ई–कन्टेट विकसित करने सम्बन्धित प्रोजेक्ट भी स्वीकृत करता है जिसकी जानकारी मिशन की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

कुछ महाविद्यालयों में बीएसएनएल अधिकारियों ने मिशन के संबन्ध में सम्पर्क किया है तथा आयुक्तालय को महाविद्यालयों से सहयोग न मिलन के तथ्य से अवगत कराया है। **प्राचार्यगण कृपया इस सम्बन्ध में**

**बीएसएनएल अधिकारियों से सहयोग करें तथा इस राष्ट्रीय मिशन को सफल बनाएं। यदि इस सम्बन्ध में महाविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का अभाव हो तो इसे अतिशीघ्र दूर करें।**

**अधिकतम शिक्षक इस आन्दोलन में सहभागिता कर सकें इस दृष्टि से अपने शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करें।** इस सन्दर्भ में राज्य स्तर पर गठित राजस्थान नालेज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा त्रैमासिक पार्ट टाइम पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है जो राज्य के लगभग सभी जिलों व शहरों में उपलब्ध है। राज्य कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने पर विशेष प्रोत्साहन राशि भी देय है।

आपके महाविद्यालय द्वारा इस दिशा में की गई प्रगति का विवरण संलग्न प्रोफार्मा में प्रत्येक तिमाही में संयुक्त निदेशक (आयोजना एवं समन्वय शाखा), आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, ब्लाक–4, डॉ राधा कृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (plan.ccc raj@gmail.com) को प्रस्तुत करें।

(के आर सिलोलिया)
आयुक्त

क्रमांकः एफ ( ) आयो./आकाशि/ दिनांकः सितम्बर 2010

प्रतिलिपि :–

1. श्री एन.के.सिन्हा,संयुक्त निदेशक (डी.एल.), मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली –15
2. निजी सचिव, उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार,सचिवालय, जयपुर
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, सचिवालय, जयपुर
4. निजी सचिव, उपकुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय,जयपुर
5. निजी सचिव, उपकुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर
6. निजी सचिव, उपकुलपति, मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय,उदयपुर
7. निजी सचिव, उपकुलपति, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर
8. निजी सचिव, उपकुलपति, कोटा विश्वविद्यालय,कोटा
9. निजी सचिव, उपकुलपति, बीकानेर विश्वविद्यालय,बीकानेर
10. निजी सचिव उपशासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, राजस्थान, जयपुर
11. ओ.एस.डी. उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान, जयपुर
12. जी.एम. (NP-CFA), O/O, CGM, बी.एस.एन.एल.,लालकोठी टेलिफोन एक्सचेंज, जयपुर
13. ए, जी.एम. (Enterprise Business), O/O, PGMTD, बी.एस.एन.एल.,एम आई रोड, जयपुर

संयुक्त निदेशक
(आयोजना एवं समन्वय)

# राष्ट्रीय शिक्षा मिशन थ्रू आई.सी.टी.सम्बन्धी सूचना

1. महाविद्यालय का नाम ........................................................................................................
2. महाविद्यालय का पता ........................................................................................................
3. महाविद्यालय का सम्पर्क सूत्र (एस.टी.डी. कोड )......................फोन नं0......................................

   फैक्स नं0.........................................................ई–मेल ..........................................................
4. प्राचार्य का नाम ..................................................................................................................
5. NME-ICT नोडल अधिकारी का नाम ......................................................विषय...........................

   मोबाइल नं0.......................................................ई मेल..........................................................

6 महाविद्यालय में कम्प्यूटर आधारभूत सुविधाओं की सूचना

| महाविद्यालय में उपलब्ध कुल कम्प्यूटर तथा नोडस की संख्या | ऐसे कम्प्यूटरों की संख्या जिन पर मिशन हेतु इन्टरनेट उपलब्ध कराया जा सकता है |
|---|---|
| | |

7 महाविद्यालय में ब्रान्ड बैण्ड की स्थिति

| NME-ICTमें ली गई लाइनो की संख्या | ब्राडबैन्ड से कनेक्ट किए गए कम्प्यूटरो की संख्या | कनेक्टीविटी किस दिनाक से ली गई है | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| | | | |

8 मिशन के तहत यदि ब्राड बैन्ड कनेक्शन नहीं लिया गया है तो क्या अन्य माध्यमों से कनेक्शन उपलब्ध है ........................................................................................... ..............

9 इन्टरनेट कनेक्टीविटी की उपलब्धता

(अ) कुल कितने कम्प्यूटरों (नोडस)पर कनेक्टीविटी उपलब्ध है।..............संख्या लिखें

(ब) निम्न को उपलब्ध है (टिक मार्क लगाएं):–

(i) प्रशासन (ii) शिक्षक (iii) शोधार्थी (iv) विद्यार्थी (v) कर्मचारी

10 कम्प्यूटर प्रशिक्षित शिक्षक /स्टाफ की संख्या

| कुल शैक्षणिक स्टाफ मय प्राचार्य व उपाचार्य | RKCL से प्रशिक्षण प्राप्त (RSCIT) स्टाफ की संख्या | RKCL के पाठ्यक्रम में प्रशिक्षणधीन | अन्य संस्थओं से कम्प्यूटर / आई.सी.टी में प्रशिक्षण प्राप्त | कुल प्रशिक्षत स्टाफ (कालम 2,3,4 का योग ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

11 आपके महाविद्यालय में शिक्षक अधिगम प्रक्रिया में आई.सी.टी. के उपयोग पर टिप्पणी लिखें

.........................................................................................................................

.........................................................................................................................

दिनांक

प्राचार्य /नोडल अधिकारी

Sept 2010